# श्रीगंगानगर : फ्लैट में चल रही मेफेड्रोन ड्रग्स की फैक्टरी पर छापा मारा

## जोधपुर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने एक सरकारी और एक प्राइवेट साइंस टीचर को गिरफ्तार किया

- टीम को करीब 2.34 करोड़ कीमत की 780 ग्राम एमडी ड्रग्स, भारी मात्रा में रसायन और लैब उपकरण भी मिले
- दोनों आरोपी टीचर पिछले ढाई महीने में ही लगभग 15 करोड़ रुपए की पांच किलो एमडी ड्रग्स तैयार कर बेच चुके हैं

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जोधपुर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने श्रीगंगानगर में एक फ्लैट में चल रही ड्रग्स की फैक्टरी को सीज किया है। यहां से एक सरकारी और एक प्राइवेट साइंस टीचर को भी गिरफ्तार किया है। दोनों यहां मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स बना रहे थे। टीम को करीब 2.34 करोड़ रुपए कीमत की 780 ग्राम एमडी ड्रग्स, भारी मात्रा में रसायन और लैब उपकरण भी मिले हैं। दोनों आरोपी टीचर पिछले ढाई महीने में ही लगभग 15 करोड़ रुपए की पांच किलो एमडी ड्रग्स तैयार कर बेच चुके हैं।

एनसीबी जोधपुर के जोनल डायरेक्टर घनश्याम सोनी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से श्रीगंगानगर में एमडी ड्रग्स की गैरकानूनी फैक्टरी चलने की सूचना थी।

सुबह 7:30 बजे शहर के रिद्धि-सिद्धि एनक्लेव के ड्रीम होम्स अपार्टमेंट के एक फ्लैट में छापेमारी की गई। यहां से आरोपी मनोज भार्गव (25) और इंद्रजीत विश्नोई (35) को गिरफ्तार किया। मनोज भार्गव मुकलावा (श्रीगंगानगर) स्थित राजकीय सीनियर सैकंडरी स्कूल का साइंस टीचर है। वहीं, साधुवाली (श्रीगंगानगर) का रहने वाला इंद्रजीत फिलहाल आरएएस की तैयारी कर रहा है। साल 2024 तक वो एक स्कूल व कोचिंग में फिजिक्स पढ़ाता था। एनसीबी टीम ने फ्लैट की तलाशी ली तो वहां हाईटेक लैब मिली, जिसमें ड्रग्स बनाने के लिए आधुनिक उपकरण और रसायन मौजूद थे।

मौके से 780 ग्राम तैयार एमडी ड्रग्स, एसिटोन, बेंजीन, सोडियम बाइकार्बोनेट, ब्रोमीन, 4-मेथाइल प्रोपियोफेनोन, आइसो प्रोपाइल अल्कोहल, थाइलअमीन, एन-मेथाइल-2-पाइरोलिडोन जैसे खतरनाक रसायन मिले हैं। इन सभी रसायनों और उपकरणों को दिल्ली से मंगवाया गया था। ये केमिकल खतरनाक तो हैं, लेकिन ये बाजार व स्कूल की लैब में आसानी से मिल जाते हैं।

जोनल डायरेक्टर सोनी ने बताया कि दोनों आरोपियों ने बताया कि वे पिछले ढाई महीने से फ्लैट किराए पर लेकर ड्रग्स बना रहे थे। सप्ताह में दो दिन (शनिवार-रविवार) वे इस फ्लैट में रुककर ड्रग्स तैयार करते थे। इस बार स्कूल से छुट्टी ली थी, ताकि ज्यादा मात्रा में ड्रग्स बनाई जा सके। अब तक 5 किलो एमडी ड्रग्स तैयार कर चुके हैं, जिसकी बाजार कीमत करीब 15 करोड़ रुपए है। इसमें से 780 ग्राम ड्रग्स मौके पर बरामद की गई, जबकि शेष 4.22 किलो ड्रग्स पहले ही युवाओं में सप्लाई कर दी गई थी।

# घर में घुसा तेंदुआ, ग्रामीणों में हड़कंप मचा

**झालावाड़,** (निसं)। क्षेत्र के बूड़ मंडावर में बुधवार सुबह एक तेंदुए की दस्तक से हड़कंप मच गया। तेंदुआ सबसे पहले नीम के पेड़ पर दिखा। उसके बाद एक घर में घुस गया। वन विभाग झालावाड़ और कोटा की टीमों ने मौके पर पहुंचकर तेंदुए को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा।



झालावाड़ क्षेत्र के बूड मंडावर में घर में घुसे तेंदुए को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा।

- तेंदुआ बाहर न निकले इसके लिए ग्रामीणों ने दरवाजे पर खटिया लगा कमरे में बंद किया
- वन विभाग झालावाड़ और कोटा की टीमों ने तेंदुए को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

मंडावर सरपंच प्रभुलाल व ग्रामीणों ने बताया कि सुबह करीब छह बजे तेंदुआ नीम के पेड़ पर बैठा हुआ दिखा। एक बार तो ग्रामीणों को देखकर तेंदुए ने दौड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन फिर वापस जाकर नीम के पेड़ पर बैठ गया। इसके बाद तेंदुआ ग्रामीण मोहनलाल मीणा के खाली घर में घुस गया, जहां एक कमरे में पशुओं के चारे पानी और अन्य व्यवस्थाएं थी। इस कमरे का गेट भी नहीं था, जिससे तेंदुआ अंदर जाकर कमरे में बैठ गया। इस दौरान एक महिला ने तेंदुए को अंदर आते देखा तो उसने ग्रामीणों को सूचना दी। तेंदुआ बाहर न निकले इसके इसलिए ग्रामीणों ने दरवाजे पर एक खटिया लगाकर उसे कमरे में बंद कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची कोटा और झालावाड़ वन विभाग की टीम ने दोपहर करीब 12 बजे जाल के जरिए तेंदुए को रेस्व्यू किया और पास के जंगल में छोड़ दिया, इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इस दौरान जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़, कोटा से आई वाइल्ड लाइफ की टीम के सदस्य डॉक्टर तेजैंद्र सिंह समेत वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि जब भी किसी तेंदुए आदि का मूवमेंट झालावाड़ जिले में होता है, तो स्थानीय स्तर पर वन विभाग के पास कोई खास सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं होते हैं। उन्हें कोटा की टीम पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे में घंटों तक दहशत का माहौल बना रहता है।

## फतहसागर झील में पानी की आवक शुरू

**उदयपुर,** (निसं)। शहर की प्रसिद्ध फतहसागर झील में पानी की आवक शुरू हो गई है। पिछोला लिंक नहर के एक फीट गेट खोले गए हैं, ताकि पिछोला का पानी फतहसागर में पहुंच सके।

# सीबीआई टीम ने बीओबी के मैनेजर के घर पर छापा मारा

- 17 फरवरी को ही सीबीआई ने बैंक मैनेजर को 15 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था
- मैनेजर विवेक कच्छवाहा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया

**जोधपुर,** (कासं)। सीबीआई टीम ने बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) के मैनेजर के घर पर छापा मारा है। मैनेजर विवेक कच्छवाहा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार, यहां तलाशी के दौरान सीबीआई को बैंक मैनेजर द्वारा दईजर इलाके में जमीन खरीद से जुड़े दस्तावेज भी मिले।

जानकारी के अनुसार 17 फरवरी को ही सीबीआई ने बैंक मैनेजर को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। बैंक मैनेजर विवेक कच्छवाहा को सीबीआई ने ट्रैप किया। इसके बाद उनके बैंक खातों और लॉकर आदि की तलाशी ली। तलाशी के दौरान लॉकर से ही करीब 70 तोला सोने के आभूषण भी बरामद हुए। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ सीबीआई की जांच जारी रही। रिश्वत केस के बाद बैंक प्रबंधन ने विवेक कच्छवाहा को निलंबित कर दिया था।

सीबीआई की टीम बुधवार सुबह नौ बजे से मैनेजर विवेक कच्छवाहा के नागौरी बेरा स्थित घर पर छानबीन कर रही है। सीबीआई के अनुसार, 15 फरवरी को किसान ढलाराम मेघवाल ने शिकायत दी थी। इसमें उसने बताया कि उसे खेतीबाड़ी के लिए 4 लाख रुपए की जरूरत थी। इस पर करीब डेढ़ महीने पहले वह अपने भाई खुशालाराम के साथ केसीसी लोन के लिए रायमलवाड़ा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा गया था। वहां मैंनेजर विवेक कच्छवाहा ने दोनों से लोन संबंधी कागजात ले लिए। 6 जनवरी 2025 को विशनाराम और उसका भाई खुशालाराम बैंक गए।

बैंक में मैनेजर से लोन के संबंध में बात की। शिकायत में बताया कि इसके अगले दिन (7 जनवरी) को मैनेजर विवेक ने विशनाराम के मोबाइल पर कॉल किया। घर विजिट करने के लिए आने की बात कही। इसके बाद मैनेजर विशनाराम के घर पहुंचा। खेत देखने के बाद 2500 रुपए विजिट शुल्क के ले लिए। साथ ही कहा कि केसीसी लोन (किसान क्रेडिट कार्ड) तो कर दूंगा, लेकिन पांच प्रतिशत कमीशन के हिसाब से 20 हजार रुपए लूंगा। तब विशनाराम ने खुद की गरीबी का हवाला देते हुए काफी मिन्नतें की, लेकिन वो नहीं माने। इसके बाद आठ जनवरी को भी विशनाराम बैंक गया। पांच सौ रुपए जमा करवाकर अकाउंट भी खुलवाया।

## बंद मकान के ताले टूटे

**बीकानेर,** (निसं)। सुदर्शना नगर के एक बंद मकान में सोमवार रात चोरी हो गई। अज्ञात चोर घर के ताले तोड़कर सीसीटीवी कैमरा और डीवीआर ले गए। घर में रखा सारा सामान अस्त-व्यस्त कर दिया।

सुदर्शना नगर में सेक्टर बी 4-100 नंबर मकान क्रिकेट एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी अनिल सिडाना का है। सिडाना दोपहर बाद ताला लगाकर चले गए थे। उन्हें पड़ोसी ने फोन करके ताले टूटे होने की सूचना दी। सिडाना ने बताया कि घर में कीमती सामान नहीं था, लेकिन चोरों ने अलमारियों के भी ताले तोड़ दिए। बेग में रखे कपड़े बाहर फेंक दिए। पकड़े जाने के डर से सीसीटीवी कैमरा और डीवीआर ले गए। घटना की सूचना जेएनवीसी थाने पर दे दी गई है। पास ही रहने वाले राकेश शर्मा ने बताया कि इस एरिया में पहले भी चोरियां हो चुकी हैं। सड़क पर झोपड़पट्टी में संदिग्ध गतिविधियां होती हैं। बिजली की चोरी हो रही है। इस वजह से आए दिन रोड लाइट बंद रहती है। शराब का ठेका और बार देर रात तक खुले रहते हैं। कई बार शिकायत कर दी, लेकिन प्रशासन ने आंखें मूंद रखी हैं। हालात ये है कि पुलिस नागणेची मंदिर पर रोज शाम को नाका लगाती है, लेकिन अंडर पास तक गश्त करने कोई नहीं आता।

# गौवंशीय मीट व गौवंश के शक में वाहन को घेरा

- गौ रक्षक व ग्रामीणों की कंटेनर सवार लोगों व पुलिस से नोकझोंक हुई
- छानबीन करने पर कंटेनर में मोटर पार्ट्स पाए गए, कंटेनर को रवाना किया

**पावटा,** (निसं)। प्रागपुरा थाना क्षेत्र के प्रागपुरा कस्बे में दिल्ली-जयपुर राजमार्ग पर ललाना मोड़ स्थित न्यू खेमजी इन्जिनीयर वर्कसॉप के सामने उस समय हंगामा हो गया, जब गोवंशीय पशुओं का मीट व गौवंश होने के शक में गौ रक्षक व ग्रामीण एकत्रित हो गए। गौ रक्षकों की कंटेनर सवार लोगों व मौके पर पहुंची पुलिस से नोकझोंक हुई। छानबीन करने पर कंटेनर में मोटर पार्ट्स पाए गए। इस मामले में पुलिस ने कंटेनर की तलाशी लेकर कंटेनर चालक को अपने गंतव्य के लिए रवाना किया।

जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर करीब तीन बजे प्रागपुरा कस्बे में दिल्ली-जयपुर राजमार्ग पर ललाना मोड़ स्थित न्यू खेमजी इन्जिनीयर वर्कसॉप के सामने एक कंटेनर को गोवंशीय पशुओं का मीट व गौ वंश होने के शक के आधार पर गौ रक्षकों व ग्रामीणों द्वारा रोक लिया गया और कंटेनर में गोवंशीय मांस होने का शक जताया। सूचना पर पहुंची प्रागपुरा थाना पुलिस व कंटेनर सवार लोगों से नोकझोंक हुई। गनीमत यह रही कि किसी तरह की कोई घटना गठित नहीं हुई। वही प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा कंटेनर खोलकर जांच की गई तोवाहन में मोटर पार्ट्स पाए गए। जिस पर गौ रक्षकों व ग्रामीणों को भी चेक करवाया गया। जब जाकर माहौल शांत हुआ व वाहन में मोटर पार्ट्स पाए जाने पर वाहन चालक को वाहन सहित अपने गंतव्य के लिए रवाना किया।

# बाड़मेर-ऋषिकेश एक्सप्रेस के पावर में तकनीकी खराबी आई

- तीन घंटे महाजन में अटकी ट्रेन, यात्रियों को गर्मी में परेशान होना पड़ा

**बीकानेर,** (निसं)। ऋषिकेश से बाड़मेर जा रही बाड़मेर-ऋषिकेश एक्सप्रेस के पावर में तकनीकी खराबी आने के कारण ट्रेन करीब ढाई घंटे तक महाजन स्टेशन से पहले आउटर सिग्नल पर ही अटकी रही। जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेन के पावर इंजन में खराबी की सूचना मिलने के बाद अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

जानकारी के अनुसार ऋषिकेश से बाड़मेर जा रही एक्सप्रेस ट्रेन अर्जुनसर से निकलते ही महाजन के पास ट्रेन का पावर फेल हो गया। सूचना रेलवे कर्मचारी व अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मामले की जानकारी बीकानेर कंट्रोल रूम को दी। वहीं तकनीकी स्टाफ ने तकनीकी खामी को दुरुस्त करने के प्रयास किये, लेकिन सफलता नही मिली। भीषण गर्मी में सैंकड़ों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं ट्रेन में सवार दर्जनों यात्री पैदल हाइवे पर पहुंचकर बसों से अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना हुए। करीब एक दो घण्टे बाद सुरतगढ़ से दूसरा पावर इंजन महाजन पहुंचा। जिसके चलते करीब ढाई घण्टे बाद बाड़मेर-ऋषिकेश ट्रेन को महाजन पहुंचाया गया, जहां पहुचने के बाद भी करीब आधे घंटे रोकी गई। बाद में बीकानेर की और रवाना किया गया। ट्रेन रवाना करने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। यह ट्रेन ढाई घंटे तक आउटर सिग्नल खड़े रहने के कारण पीछे से सूरतगढ़ से जयपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन भी अर्जुनसर खड़ी रही और उसके बाद महाजन पहुंची। वहां पर भी आधे घंटे तक रोक रही। जिसके चलते यात्री भयंकर गर्मी में काफी परेशान हुए।

सुबह महाजन स्टेशन से पहले बाड़मेर-ऋषिकेश ट्रेन का पावर फेल हो गया। सूचना मिलते ही ग्रामीण विकास ओझा, संजय राठी, दीनबंधु सोमाणी व हंसराज बेनीवाल मौके पर पहुंचे। ट्रेन में सवार यात्रियों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की। महाजन स्टेशन मास्टर ने सभी ग्रामीणों का सहयोग के लिए आभार जताया। ट्रेन में सवार यात्रियों ने भी जलसेवा करने पर आभार जताया।

# सेना के वाहन व ट्रेलर के बीच टक्कर, एक की मौत

**बीकानेर,** (निसं)। महाजन - लूणकरणसर मार्ग पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। महाजन से करीब 10 किलोमीटर दूर लूणकरनसर की तरफ सेना के वाहन व ट्रेलर के बीच भिड़ंत में ट्रेलर ड्राइवर की मौके पर की मौत हो गई। जिस सैन्य वाहन से टक्कर हुई, उस पर टैंक लोड किया हुआ था। महाजन पुलिस के अनुसार मोखमपुरा के पास दोपहर करीब दो सेना के वाहन व ट्रेलर के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हुई, जिसमें ट्रेलर ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। अवरुद्ध मार्ग को खुलवाकर रास्ता दुरुस्त करवाया। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि सेना का वाहन रोड से नीचे उतर गया। वहीं ट्रेलर भी आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेलर में सिर्फ ड्राइवर अकेला ही सवार था जिसकी मौके पर ही मौत हो गई है। भारी मशक्कत के बाद उसके शव को बाहर निकाल गया। ट्रेलर सूरतगढ़ की तरफ से आ रहा था और खाली ही था तो वहीं सेना के वाहन में टैंक लोड था। ट्रेलर ड्राइवर धर्मवीर पुत्र रामप्रताप आचार्य निवासी कोटड़ी कोलायत का रहने वाला है। पुलिस ने तुरंत उसके परिजनों को सूचना दी। शाम को परिजन भी महाजन पहुंच गए।


**कार्यालय बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर**
Near Collector Office, Bikaner (Rajasthan) Fax :- 91-151-2226012, Phone :-91-151-2226012, 91-151-2226013
E-Mail Address:- uitbikaner@yahoo.co.in Web Site :- urban.rajasthan.gov.in/uitbikaner

क्रमांक - बीविप्रा./बीका/अ.अभि/2025-26/3559 दिनांक :- 08/07/2025

**ई - बिड सूचना संख्या 23-II-/2025-26**

बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर की ओर से अखिल भारतीय स्तर, न्यास एवं राजकीय विभागों में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से विद्युत कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने प्राप्त करने व खोलने की दिनांक एवं निविदा शर्तों आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in & www.urban.rajasthan.gov.in/uitbikaner पर देखा जा सकता है।

(UBN No. :- ITB2526WSOB00135 - 137)

राज.संवाद/सी/25/5896 अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत)



**bida — भिवाड़ी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण**
एच-5, भगतसिंह कॉलोनी, भिवाड़ी, अलवर, दूरभाष :- 01493-230819
ई-मेल :- bida.bhiwadi@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- बीड़ा/अभि./1840/25 दिनांक :- 07/07/2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for "Supply and installation of 8 computers in BIDA, Work of hiring a pump for drainage of rainwater at Alwar Bypass T-point, Pipe line work for STP treated water pumping from sector 8 to Koli Kholi, tourism park and Nagar van and CC road construction work at various places in BKT area of BIDA" is invited from interested bidders up to 1:00 PM date 17.07.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in of the state; and https://bida.rajasthan.gov.in departmental website. UBN: BDA2526GSOB00038, BDA2526WSOB00039, BDA2526WSOB00040, BDA2526WSOB00041

Raj.Samwad/C/25/5854 Executive Engineer BIDA, Bhiwadi



**कार्यालय नगर परिषद निम्बाहेड़ा जिला - चित्तौड़गढ़ (राज.)**

क्रमांक :- नपनि/निर्माण/25-26/2579 दिनांक :- 09/07/2025

**निविदा सूचना नं. 11/2025-26**

नगरपरिषद निम्बाहेड़ा द्वारा नगर निकाय में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं अन्य विभागो में 'ए' एवं 'एए' श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईड मचतवबण्तंरंजींदण्हवअण्पद पर ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण sppp.rajasthan.gov.in के NIB Code DLB2526A3387 पर भी देख सकते है :-

| | |
|---|---|
| कार्य निविदा के कार्य | कुल 1 कार्य |
| निविदा की अनुमानित लागत | राशि 50.00 लाख रूपये |
| ऑनलाईन निविदा फार्म मिलने की दिनांक | 09.07.2025 सांय 05.00 बजे से |
| ऑनलाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम दिनांक | 16.07.2025 प्रातः 10.00 बजे से |
| ऑन लाईन राशि जमा करवाने की अन्तिम दिनांक | 16.07.2025 प्रातः 10.00 बजे तक |
| तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | 16.07.2025 दोपहर 02.00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक | तकनीकी बिड मूल्यांकन पश्चात |
| Unique Bid Number | DLB2526WSOB10595 |

राज.संवाद/सी/25/5915 प्रशासक नगर परिषद निम्बाहेड़ा आयुक्त नगर परिषद निम्बाहेड़ा



**कार्यालय अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि. जिला खंड प्रथम बीकानेर**

क्रमांक 765 दिनांक : 30.6.2025

ई-निविदा 07/2025-26 तृतीय संशोधन सूचना
( डीआईपीआर प्रकाशन संख्या :- 7370 Dt. 06.06.2025 )

| विवरण | पूर्व में डाउनलोड/अपलोड करने की दिनांक | संशोधित डाउनलोड/अपलोड करने की दिनांक |
|---|---|---|
| निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की दिनांक | 05.06.2025 को प्रात: 09.30 बजे से दिनांक 01.07.2025 को सायं 06.00 बजे तक | 05.06.2025 को प्रात: 09.30 बजे से दिनांक 14.07.2025 को सायं 06.00 बजे तक |
| निविदा जमा कराने की दिनांक | 05.06.2025 को प्रात: 09.30 बजे से दिनांक 01.07.2025 को सायं 06.00 बजे तक | 05.06.2025 को प्रात: 09.30 बजे से दिनांक 14.07.2025 को सायं 06.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | 02.07.2025 को प्रात: 11.00 बजे | 15.07.2025 को प्रात: 11.00 बजे |

शेष नियम एवं शर्तें निविदानुसार यथावत रहेगी।

UBN No. -: 1. PWD2526SWOB02997, 2. PWD2526WSOB02999
3. PWD2526WSOB03000, 4. PWD2526WSOB03004

DIPR/C/9229/2025 अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि. जिला खंड प्रथम, बीकानेर



**कार्यालय अधिषाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड भीनमाल**

क्रमांकः अअ/भीन / 2025-26/325 दिनाक-27.06.2025

**निविदा सूचना संख्याः 03 वर्ष 2025-2026**
**NIB No. PWD2526A1663**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन कार्य के आधार पर उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कार्य जिनकी लागत राशि रू. 134.20 लाख है के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 04 जुलाई 2025, 9:30 बजे से 14 जुलाई 2025, सायं 06:00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू बी.एन संख्या निम्नानुसार है।

1. UBN: PWD2526WSOB05928

(ओम प्रकाश)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड भीनमाल

DIPR/C/9203/2025



**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**
केन्द्रीय छात्रवृत्ति फ्रेश वर्ष 2025 व वर्ष 2021 से 2024 तक के नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु सूचना

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, नई दिल्ली की केन्द्रीय छात्रवृत्ति योजना 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। राजस्थान बोर्ड के ऐसे परीक्षार्थी जो Top 20 पर्सेंटाइल की सूची (वर्ष 2025 की Top 20 Percentile की सूची एवं दिशानिर्देश बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है) में आते हैं, वे 31.10.2025 को (रात्रि 12.00 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक वर्ग में दिव्यांगो (PwDs) का 5% आरक्षण है। राजस्थान बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम उच्च माध्यमिक परीक्षा 2025 में Science, Commerce and Humanities से परीक्षा उत्तीर्ण कर कॉलेज/विश्वविद्यालय में नियमित अध्ययन कर रहे विद्यार्थी आवेदन के लिए पात्र हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली के National Scholarship Portal के लिंक www.scholarships.gov.in पर छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। Top 20 पर्सेन्टाइल राजस्थान बोर्ड द्वारा जारी संवीक्षा पूर्व के परिणाम पर आधारित है। छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करना ही चयन का आधार नहीं होगा। छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थियों का चयन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्धारित मापदंड के अनुसार होगा।

केन्द्रीय छात्रवृत्ति 2024 के लिए चयनित विद्यार्थी प्रथम नवीनीकरण, 2023 के लिए चयनित विद्यार्थी द्वितीय नवीनीकरण, 2022 के लिए चयनित विद्यार्थी तृतीय नवीनीकरण व 2021 के लिए चयनित विद्यार्थी चतुर्थ नवीनीकरण हेतु उपर्युक्त पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। वर्ष 2021 से 2024 के नवीनीकरणों के आवेदन हेतु विद्यार्थी अध्ययनरत पाठ्यक्रम में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण हो या समकक्ष ग्रेड के साथ उत्तीर्ण हो अथवा यदि सेमेस्टर प्रणाली है तो दोनों सेमेस्टर में औसत न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हो। साथ ही पात्रता के लिए आवश्यक है कि आवेदक की उपस्थिति न्यूनतम 75 प्रतिशत हो, अनुशासित हो एवं रैगिंग गतिविधियों में संलिप्त नहीं हो। ऑनलाईन आवेदन करने संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु हेल्पलाइन नं. 0120-6619540 पर संपर्क किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट www.scholarships.gov.in देखी जा सकती है।

नोटः- छात्रवृत्ति के नवीनीकरण हेतु न्यूनतम 50 प्रतिशत का मापदंड MoE द्वारा शैक्षिक सत्र 2018-19 से ही शुरू किया गया है। एनएसपी के माध्यम से छात्रवृत्ति वितरण के लिए खाता संख्या की आवश्यकता नहीं है। छात्रवृत्ति सीधे लाभार्थी के आधार से जुड़े बैंक खाते में वितरित की जाएगी।

सचिव



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-चित्तौडगढ**

क्रमांक / टी.एस. / 2025-26/डीः-886 दिनांक :- 01.07.2025

**निविदा संशोधन सूचना संख्या - 2**

इस कार्यालय के पत्रांक 632 दिनांक 07.06.2025 से जारी ई-निविदा सूचना संख्या 11/2025-26 (DIPR RO No. 7858 Dated 16.06.2025) एवं निविदा के संशोधन सूचना क्रमांक 772 दिनांक 23.06.2025 (DIPR RO No. 8800 Dated 27.06.2025) की दिनांको में निम्नानुसार पुनः संशोधन किया जाता हैः-

| विवरण | पूर्व प्रकाशित दिनांक | संशोधित दिनांक |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की दिनांक | 12.06.2025 से 02.07.2025 सांय 6.00 बजे तक | 12.06.2025 से 02.07.2025 सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की दिनांक | 12.06.2025 से 02.07.2025 सांय 6.00 बजे तक | 12.06.2025 से 02.07.2025 सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | 04.07.2025 प्रातः 11.00 बजे | 16.07.2025 प्रातः 11.00 बजे |

निविदा में वर्णित अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

DIPR/C/9283/2025 अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड-चित्तौडगढ



**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, दाँयी मुख्य नहर खण्ड द्वितीय, सी.ए.डी. अन्ता, जिला-बारां (राज.)**
Email: EERMC2CAD.ANTA@rajasthan.gov.in

क्रमांकः अ.अ./दा.मु.न.-II/ ई-निविदा/2025-26/1179-86 दिनांकः 01/07/2025

**निविदा सूचना संख्या 09 वर्ष 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से अधिशाषी अभियंता, दाँयी मुख्य नहर खण्ड-द्वितीय, सी.ए.डी. चम्बल, अन्ता के अन्तर्गत नहरी तन्त्र की मरम्मत कार्य की निविदा जिनकी अनुमानित लागत 167.51 लाख रुपये है, के निम्नलिखित कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी के विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं अन्य विभागों के उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों/फर्मस हेतु निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ऑन लाईन दिनांक 11.07.2025 सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड एवं अपलोड (जमा) की जा सकती है। वेबसाईड पर निविदाऐ दिनांक 12.07.2025 को सांय 3.00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है, या सम्पूर्ण निविदाएँ नही खोली जा सकती तो उसके अगले कार्यदिवस को उसी समय निविदा खोली जायेगी। निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क व धरोहर राशि एवं निविदा की शर्तों के अनुसार वित्त (जीएण्डटी) विभाग राज0 सरकार के परिपत्र दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई-ग्रास पर ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया शुल्क चालान से डिविजन कोड 502-XEN RMC Division II CAD ANTA का चयन करते हुए जमा करवाना अनिवार्य है। निविदा से सम्बन्धित कार्य का विवरण एवं नियम शर्ते वेब साईट http://www.dipronline.org and http://sppp.rajasthan.gov.in तथा कार्यालय हाजा के नोटिस बोर्ड पर कार्यालय समय में देखा जा सकता है।

NIB code: CKJ2526A0023

| कार्य की क्र.सं. | कार्य का यू.बी.एन. नम्बर | कार्य की क्र.सं. | कार्य का यू.बी.एन. नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1 | CKJ2526WSOB00102 | 2 | CKJ2526WSOB00103 |
| 3 | CKJ2526WSOB00104 | 4 | CKJ2526WSOB00105 |
| 5 | CKJ2526WSOB00106 | 6 | CKJ2526WSOB00107 |
| 7 | CKJ2526WSOB00108 | 8 | CKJ2526WSOB00109 |
| 9 | CKJ2526WSOB00110 | 10 | CKJ2526WSOB00111 |
| 11 | CKJ2526WSOB00112 | | |

DIPR/C/9284/2025 (हेमराज मीणा) अधिशाषी अभियंता
दाँयी मुख्य नहर खण्ड-II सी.ए.डी. चम्बल अन्ता



**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**
04, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूँगरी, जयपुर, फोन नं.: 0141-271800, 271879, E-mail: member-secretary@rpcb.nic.in

क्रमांक :- एफ 8 (31)/सफाई व्यवस्था/रा.प्र.नि.मं./333 - 338 दिनांक :- 07/07/2025

**ई-निविदा सूचना**

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय, संस्थानिक क्षेत्र झालाना डूँगरी, जयपूर द्वारा सफाईकर्मियों की सेवाओं को अनुबन्ध पर लेने हेतु पंजीकृत एवं अनुभवी ठेकेदारों / संस्था / एजेन्सियों से नियमानुसार सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनु. राशि वार्षिक (रू. में) | बयाना / अमानत राशि (रू. में) / बोली प्रतिभूति राशि 2 प्रतिशत | संविदा अवधि | निविदा की प्रारम्भिक तिथि | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि व समय | RISL Fees | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | (12) सफाईकर्मी | 12.50 लाख | 25,000 / – | एक वर्ष | 08.07.2025 | 17.07.2025 को सांय 03:00 बजे तक | 18.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे | 500/- | 500/- |

बोली ऑनलाईन E-Proc पर ही स्वीकार की जायेगी। बोली की शर्ते एवं अन्य विवरण राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर की वेबसाइट http://environment.rajasthan.gov.in तथा पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in/ उपापन पोर्टल पर देखे व डाउनलोड किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र एवं बोली प्रतिभूति राशि के बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर के नाम से देय होगा। RISL का Demand Draft, Managing Director, RISL के नाम से देय होगा जो भौतिक रुप से मण्डल कार्यालय में निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय तक प्रस्तुत करना अनिवार्य है। बिना बोली प्रतिभूति /अमानत राशि, निविदा शुल्क तथा RISL फीस D.D. के निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सदस्य सचिव को होगा।

UBN :- PCB2526SLOB0004

राज.संवाद/सी/25/5873 सदस्य सचिव



**कार्यालय नगर पालिका मण्डल सांभर लेक (जयपुर)**

क्रमांक / न.पा.सा. / 2025–26 / 810 दिनांक 07.07.2025

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका में निम्नानुसार आवेदकों ने अपने स्वामित्व दस्तावेजों के साथ कृषि भूमि नियमन की स्वीकृत योजनाओं में पट्टे हेतु आवेदन किया है।

**कृषि भूमि नियमन**

| क्र. स. | नाम आवेदनकर्ता | क्षेत्रफल वर्गगज | खसरा नं. | योजना का नाम | वि.विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति कविता लडीवाल पत्नि पवन कुमार लडीवाल | 134.95 | 537 / 2 | बालहंस विहार (प्लाट नं.–ए11) | जरिये खातेदार से पंजीकृत विक्रय– पत्र |
| 2 | श्रीमति कविता लडीवाल पत्नि पवन कुमार लडीवाल | 137.50 | 537 / 2 | बालहंस विहार (प्लाट नं.–ए12) | जरिये खातेदार से पंजीकृत विक्रय– पत्र |
| 3 | सुनील कुमार पुत्र श्री पूसाराम | 155.48 | 1085 / 1,1085 / 2,1087, 1088 / 1, 1089 / 1, 1092 / 1, 1096 | पूज्य स्वामी दयानन्द सरस्वती नगर (प्लाट नं.–52) | जरिये आवंटन |
| 4 | श्री राजेश कुमार पुत्र श्री बाबूलाल कुमावत | 118.76 | 1085 / 1,1085 / 2,1087, 1088 / 1, 1089 / 1, 1092 / 1, 1096 | पूज्य स्वामी दयानन्द सरस्वती नगर (प्लाट नं.–37) | जरिये आवंटन |
| 5 | श्री राजेश कुमार पुत्र श्री बाबूलाल कुमावत | 119.38 | 1085 / 1,1085 / 2,1087, 1088 / 1, 1089 / 1, 1092 / 1, 1096 | पूज्य स्वामी दयानन्द सरस्वती नगर (प्लाट नं.–36) | जरिये आवंटन |
| 6 | श्री रामकेश मीणा पुत्र श्री देवकिशन मीणा | 135.77 | 1085 / 1,1085 / 2,1087, 1088 / 1, 1089 / 1, 1092 / 1, 1096 | पूज्य स्वामी दयानन्द सरस्वती नगर (प्लाट नं.–13) | जरिये आवंटन |
| 7 | श्रीमति मनसा पत्नि विष्णुप्रकाश कुमावत | 138.87 | 1085 / 1,1085 / 2,1087, 1088 / 1, 1089 / 1, 1092 / 1, 1096 | पूज्य स्वामी दयानन्द सरस्वती नगर (प्लाट नं.–31) | जरिये आवंटन |
| 8 | श्रीमति मनसा पत्नि विष्णुप्रकाश कुमावत | 139.42 | 1085 / 1,1085 / 2,1087, 1088 / 1, 1089 / 1, 1092 / 1, 1096 | पूज्य स्वामी दयानन्द सरस्वती नगर (प्लाट नं.–38) | जरिये आवंटन |
| 9 | श्रीमति मनसा पत्नि विष्णुप्रकाश कुमावत | 132.76 | 1085 / 1,1085 / 2,1087, 1088 / 1, 1089 / 1, 1092 / 1, 1096 | पूज्य स्वामी दयानन्द सरस्वती नगर (प्लाट नं.–41) | जरिये आवंटन |
| 10 | श्रीमति मनसा पत्नि विष्णुप्रकाश कुमावत | 152.87 | 1085 / 1,1085 / 2,1087, 1088 / 1, 1089 / 1, 1092 / 1, 1096 | पूज्य स्वामी दयानन्द सरस्वती नगर (प्लाट नं.–48) | जरिये आवंटन |
| 11 | श्री रामकेश मीणा पुत्र श्री देवकिशन मीणा | 111.48 | 1085 / 1,1085 / 2,1087, 1088 / 1, 1089 / 1, 1092 / 1, 1096 | पूज्य स्वामी दयानन्द सरस्वती नगर (प्लाट नं.–11) | जरिये आवंटन |
| 12 | श्री रामकेश मीणा पुत्र श्री देवकिशन मीणा | 129.49 | 1085 / 1,1085 / 2,1087, 1088 / 1, 1089 / 1, 1092 / 1, 1096 | पूज्य स्वामी दयानन्द सरस्वती नगर (प्लाट नं.–12) | जरिये आवंटन |

अतः उपर्युक्त आवेदकों के पक्ष में कृषि भूमि नियमन पट्टे जारी करने बाबत किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज इस सूचना के जारी होने से 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत कर दे। बाद मियाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। सूचना में अंकित अवधि पश्चात पत्रावलियों के निस्तारण की कार्यवाही की जावेगी। दस्तावेज / साक्ष्य के प्रस्तुतीकरण के अभाव में नियमन नही होने के लिये आवेदनकर्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका सांभर लेक

राज.संवाद / सी / 25 / 5823